## Headline

1. Parliament Session 2024: अदाणी और संभल पर संसद में हंगामा, राहुल गांधी ने की अदाणी की गिरफ्तारी की मांग
2. संभल हिंसा: बख्शे नहीं जाएंगे उपद्रवी... सार्वजनिक जगहों पर लगेंगे पत्थरबाजों के पोस्टर, होगी नुकसान की वसूली!
3. Delhi AQI Today: दिल्ली की हवा में थोड़ा सुधार, एक्यूआई 300 के करीब पहुंचा; NCR ने ली राहत वाली सांस
4. Adani Row: गौतम-सागर अदाणी पर लगे आरोपों को समूह ने नकारा; कहा- अमेरिकी कोर्ट में FCPA के उल्लंघन का आरोप नहीं


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 132 | इंदौर, बुधवार 27 नवंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


भ्रष्टाचार पर सख्ती

# अब फोन पर दें रिश्वतखोरों की सूचना

## लोकायुक्त ने जारी किया नंबर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मप्र लोकायुक्त पुलिस ने रिश्वतखोरों की सूचना देने के लिए पहली बार टेलीफोन और मोबाइल नंबर जारी किया है। इन नंबर्स पर आने वाली शिकायतों को सुनने और सही सलाह देने के लिए एक टीम भी तैनात की गई है। यह टीम भ्रष्टाचारियों के खिलाफ आई शिकायत को रजिस्टर में दर्ज करें। इन शिकायतों की मॉनिटरिंग जोन के पुलिस अधीक्षक करेंगे। अब तक राजस्थान एसीबी और सीबीआई जैसी भ्रष्टाचार निवारण एजेंसी इस तरह से नंबर सार्वजनिक करती रही है।**

ऐसा पहली बार है, जब मप्र लोकायुक्त पुलिस ने भी अपने नंबर इस तरह से सार्वजनिक किए हैं। डीजी लोकायुक्त जयदीप प्रसाद ने बताया कि रिश्वत मांगने वालों की सूचना अब 0755-2540889 और



9407293446 पर भी दी जा सकती है। इसके अलावा लोकायुक्त पुलिस मप्र के हर बड़े सरकारी दफ्तर के बाहर पेम्पलेट भी लगवा रही है। इसमें इन नंबर्स के अलावा रिश्वत मांगने वालों की शिकायत करने की अपील की जा रही है।

इसमें लिखा है कि यदि आपसे किसी सरकारी अधिकारी-कर्मचारी ने कोई काम करने के लिए रिश्वत मांगी है या उनके द्वारा कोई भ्रष्टाचार किया जा रहा हो तो इस पते पर सूचना दें। कार्यालय पुलिस अधीक्षक, विशेष पुलिस स्थापना भोपाल। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### लंबे समय से जमे अफसरों को हटाया जाएगा

हाल ही में डीजी लोकायुक्त ने रीवा, जबलपुर और सागर पुलिस अधीक्षक दफ्तरों का निरीक्षण किया। इस दौरान सामने आया कि इन तीनों दफ्तरों में ऐसे बहुत से पुलिस अफसर और कर्मचारी हैं, जो लंबे समय से लोकायुक्त संगठन में जमे हैं। जल्द ही उन्हें हटाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इनकी सूची तैयार करवाई जा रही है।

### डेढ़ महीने में 72 ट्रैप

मप्र में लोकायुक्त पुलिस ने बीते डेढ़ महीने में करीब 72 ट्रैप की कार्रवाई की है। इससे पहले इतनी ट्रैप की कार्रवाई सालभर में हो पाती थीं। ऐसा भी पहली बार हुआ है, जब एक ही दिन में ट्रैप की चार अलग-अलग कार्रवाई की हों। 25 नवंबर 2024 को सागर, झाबुआ, बुरहानपुर और मुरैना जिलों में चार कर्मचारियों को ट्रैप किया है।

# जम्मू-देहरादून से भी ठंडे भोपाल और जबलपुर

## अगले 3 दिन रात का टेम्प्रेचर 10° रहेगा, पहाड़ों पर बर्फबारी ने एमपी में बढ़ाई ठिठुरन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** पहाड़ों पर बर्फबारी होने से मध्यप्रदेश के शहर भी ठिठुर रहे हैं। भोपाल और जबलपुर शहर तो जम्मू-कटरा और देहरादून से भी ठंडे हैं। एमपी के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में शिमला-मसूरी से भी ज्यादा सर्दी है। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल और जबलपुर में अगले 3 से 4 दिन तक रात का तापमान 10 डिग्री ही रहेगा।

इस नवंबर में सर्दी कई साल का रिकॉर्ड भी तोड़ चुकी है। भोपाल में 25 साल में यह नवंबर सबसे ठंडा है। इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत सभी शहरों में तापमान सामान्य से नीचे ही चल रहा है।

### मौसम वैज्ञानिक शिल्पा आप्टे ने बताया

नवंबर के आखिरी दिनों में भी ठंड का असर रहेगा। वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर खत्म होने से ग्वालियर-चंबल में बारिश होने की संभावना नहीं है।



बता दें, नवंबर महीने में प्रदेश में बारिश का ट्रेंड भी रहा है।

### इतना रहा पारा

मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार-मंगलवार की रात में जम्मू-कश्मीर के जम्मू सिटी में 10.6 डिग्री, कटरा में 10.2 डिग्री, हिमाचल प्रदेश के शिमला में 7.4 डिग्री, चंबा में 6.9 डिग्री और उत्तराखंड के देहरादून में 10.2 डिग्री, मसूरी में 7.8 डिग्री तापमान रहा था। इस तरह भोपाल, जबलपुर शहर जम्मू, कटरा-देहरादून से ठंडे रहे। पचमढ़ी बाकी शहरों से भी सर्द दर्ज किया गया।

### बर्फीली हवाओं से दिन में भी ठिठुरन बढ़ी

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख में बर्फबारी हो रही है। इस वजह से जेट स्ट्रीम यानी सर्द हवाओं की रफ्तार ज्यादा है। पश्चिम-उत्तर भारत के ऊपर यह 12.6 किमी की ऊंचाई पर 260 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रही है। इस वजह से प्रदेश में सर्द हवाओं का असर है। इससे दिन में भी ठिठुरन बढ़ गई है।

# युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में धक्का-मुक्की

## स्वागत के लिए एयरपोर्ट में घुसने की कोशिश, पुलिस ने खदेड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कांग्रेस युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू चिब मंगलवार दोपहर इंदौर पहुंचे। कांग्रेस नेताओं ने उनके स्वागत में नियम तोड़ते हुए इंदौर एयरपोर्ट के अंदर घुसने की कोशिश की। जिस पर पुलिस ने बलपूर्वक कांग्रेसियों को बाहर निकाला। वहीं, उदय भानू के स्वागत में कांग्रेसियों के बीच कई बार धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी। वहीं इंदौर युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों का कहना है कि हमने स्थिति को कहीं भी बिगड़ने नहीं दिया है जहां पर स्थिति खराब हो रही थी वहां पर प्रशासन ने संभाल लिया था।

इंदौर युवा कांग्रेस के शहर अध्यक्ष रमीज खान ने बताया राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के स्वागत के लिए तीन मंच बनाए गए थे। इस दौरान अध्यक्ष मप्र युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के लगाए संविधान मंच और इंदौर युवा कांग्रेस के मंच पर कार्यकतार्ओं से मिलने के बाद इंदौर से शाजापुर के लिए रवाना हो गए।



कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब रात में शाजापुर से रिटर्न इंदौर आएंगे। वह इंदौर में रेडिसन होटल में कुछ देर रूकने के बाद उज्जैन महाकाल के दर्शन कर जाएंगे। अध्यक्ष उज्जैन से दोबारा रात में ही इंदौर रेडिसन होटल में आकर रूकेंगे और कुछ देर आराम करने के बाद वह मुंबई के लिए रवाना होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब इंदौर से सुबह 6.30 बजे की फ्लाइट से मुंबई के लिए रवाना होंगे। वह फिर मुंबई से राजकोट जाएंगे।

### कौन है उदय भानु चिब

जम्मू-कश्मीर में चल रहे विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष उदय भानु चिब को भारतीय युवा कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्हें श्रीनिवास बीवी के स्थान पर यह जिम्मेवारी सौंपी गई है। बता दें कि उदय भानु चिब विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते थे। लेकिन उन्हें टिकट नहीं दी गई थी। कहा जा रहा है कि वह जम्मू नॉर्थ सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन वह सीट कांग्रेस ने अपने सहयोगी गठबंधन के साथी नेशनल कॉन्फ्रेंस को दे दी। इससे चिब भी नाराज थे। जिसके बाद कांग्रेस ने उन्हें भारतीय युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त कर उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।

# नवंबर के आखिरी हफ्ते में ठंड के तेवर तेज

### बर्फीली हवाओं ने गिराया दिन और रात का पारा, कंपकंपी शुरू



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर में नवंबर का आखिरी हफ्ता शुरू होते ही ठंड के तेवर तेज होने लगे हैं। मंगलवार को सुबह हल्की ठंडी हवाओं के साथ धूप खिली, लेकिन दोपहर 3 बजे के बाद ठंडक बढ़ गई। इस वजह से कंपकंपी शुरू हो गई।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, पहाड़ों पर बर्फ पिघलने के बाद वहां से आ रही हवा से ठंड बढ़ी है। दिसंबर में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो जाएगा। जानकारी के अनुसार अभी वेस्टर्न डिस्टरबेंस, साइक्लोनिक सकुर्लेशन के रूप में उत्तरी हिस्से में एक्टिव है। पूर्वी हिस्से में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन एक्टिव है। उत्तरी हवाएं भी प्रदेश में आ रही हैं। इस कारण ठंड है। अभी स्थिति यह है कि सुबह कोहरे जैसी स्थिति नहीं बन रही है, लेकिन दोपहर बाद मौसम ठंडा होने लगाता है। चार दिन से दिन का तापमान 27 डिग्री बना हुआ है। रात का तापमान दो दिनों से 13 डिग्री के करीब है। इस सीजन में पहली बार रात का तापमान सबसे कम 12.8 (-1) डिग्री सेल्सियस 21 नवम्बर को रिकॉर्ड किया गया था। आने वाले दिनों में रात के तापमान में और गिरावट आएगी।

## हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेले की तैयारी बैठक आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। 28 नवंबर से 2 दिसंबर तक स्थानीय लालबाग परिसर में हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान द्वारा हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेले का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर मंत्री गुरविन छाबड़ा के अनुसार मेला आयोजन तैयारी के लिए रानीबाग मैन कॉलोनी में सिख समाज के वरिष्ठजनों की बैठक ली गई। संचालन गोपाल गोयल ने किया और मेले की रूपरेखा रखी। बैठक में मनप्रीतसिंह होरा, रवींद्रसिंह कलसी, रवींद्रसिंह होरा, सतबीरसिंह छाबड़ा, दारासिंह सलूजा, देवेंद्रसिंह गांधी, गुरमीतसिंह राजपाल, अमरजीत सिंह, मनजीतसिंह खालसा, टाइगर सलूजा, सैनी, राजू बग्गा, मिंटू छाबड़ा, कवलजीतसिंह चावला सहित सिख समाज के कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित हुए। सांसद प्रतिनिधि सीटू छाबड़ा ने आभार माना।

# इंदौर में मनाया गया संविधान दिवस

### राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए कलेक्टर ने दिलाया संकल्प



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। कलेक्टर आशीष सिंह ने संविधान दिवस के अवसर पर अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान का पालन करते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए दृढ़ संकल्पित होने का संकल्प दिलाया। उन्होंने संविधान के संबंध में प्रकाश भी डाला। उन्होंने कहा कि प्रस्तावना संविधान की आत्मा है।**

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा भारत के संविधान को अपनाए जाने के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संविधान दिवस को उत्सव के रूप में मनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। भारतीय संविधान को 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था। संविधान को अपनाने के दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष 'हमारा संविधान- हमारा स्वाभिमान' टैग लाइन के तहत सालभर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है।

**निगम परिसर में 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम-** उधर, नगर निगम इंदौर द्वारा निगम परिसर में 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने संविधान दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही संविधान द्वारा निर्धारित कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा दी। एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया ने संविधान के महत्व को लेकर सभी निगम अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया।

# लोकतंत्र सेनानियों ने मनाया संविधान गौरव दिवस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **लोकतंत्र सेनानी संघ इंदौर द्वारा छावनी स्थित व्यापारिक सहकारी बैंक सभागृह में संविधान गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकतंत्र सेनानी संघ के जिला अध्यक्ष गिरीश शर्मा आदित्य ने की।**

अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश अग्रवाल, जिला महामंत्री गोपालदास अग्रवाल, उपाध्यक्ष ओम वर्मा, गंगाराम चौधरी उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष गिरीश शर्मा ह्वआदित्यह्व ने कहा कि देश का संविधान देश के लोकतंत्र और संस्कृति की आत्मा है। संविधान की रक्षा के लिए सेनानीगण ने बेहिसाब अत्याचार सहन किये और बिना कसूर कारावास भोगा। हम कांग्रेस जैसे दलों की अपवित्र कोशिशों के खिलाफ अपना संघर्ष जारी रखेंगे। साथ ही मीसाबंदियों की अगली पीढ़ी के युवा वर्ग को लोकतंत्र प्रहरी के रूप में प्रशिक्षित कर योद्धाओं का निर्माण कर रहें हैं जो हमारे लोकतान्त्रिक मूल्यों की रक्षा करेंगे। अतिथियों ने भी संबोधित करते हुए कहा देश में आपातकाल के दौरान संविधान और लोकतंत्र की हत्या की दोषी कांग्रेस सरकारों ने अपार जुल्म किये और देश की जनता को दारुण दुःख दिए। भारतीय जनता ने उनको सत्ता से बेदखल कर कड़ी सजा दी। आपातकाल के सारे बड़े अपराधी असमय काल कलवित हुए, लेकिन उनके वंशजों को अभी तक सदबुद्धि प्राप्त नहीं हुई है। कोरे पन्नो की लालकिताब को संविधान बताने वाले बहुरूपिये गुमराह करने से बाज नहीं आ रहे। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों को संविधान के महत्व के प्रति जागरूक किया और संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर जिले में राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह का आयोजन शुरू किया गया है। यह सप्ताह 30 नवम्बर तक आयोजित होगा। इस सप्ताह का मुख्य उद्देश्य नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। इस सप्ताह की थीम ह्वनवजात शिशु में एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध (ए.एम.आर.) ह्व को रोकने के लिए एंटीमाइक्रोबियल का उचित उपयोग सुनिश्चित करना है। इस सप्ताह के दौरान प्रत्येक नवजात शिशु को संस्था एवं समुदाय में गुणवत्तापूर्ण देखभाल के साथ-साथ विकासात्मक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय किया जाना मुख्य उद्देश्य रहेगा। समुदाय स्तर पर नवजात शिशु सप्ताह के दौरान आशा के माध्यम से प्रतिदिन समस्त नवजात शिशु को गृह आधारित भेंट देकर माता को स्तनपान करवाने संबंधित सलाह देना टीकाकरण (बर्थ डोज) साफ-सफाई, खतरे के आम लक्षण, कंगारू मदर केयर, एसएनसीयू से डिस्चार्ज समस्त शिशुओं को गृह आधारित भेंट देना एवं संस्थागत फॉलोअप हेतु अभिभावकों को प्रेरित करना मुख्य उद्देश्य है।

## एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 2 दिसम्बर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए एक ही छत के नीचे रोजगार की सुविधा उपलब्ध करायी जाए। इसके मद्देनजर 02 दिसम्बर को एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला (युवा संगम) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) परिसर में आयोजित किया गया है। यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था और जिला उद्योग केन्द्र इन्दौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। मेले में जहां एक ओर युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाई जाएगी, वहीं दूसरी ओर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लोन भी उपलब्ध कराया जाएगा। उप संचालक रोजगार पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में युवाओं को कॅरियर बनाने के सुनहरे अवसर मिलेंगे। साथ ही उन्हें व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रक्रिया बाबत मार्गदर्शन भी दिया जायेगा। रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियां शामिल होगी।




# पुलिस अपराधियो के लिए सख्त, लेकिन विद्यार्थी को अपराध से रोकने लिए आपकी मित्र

## आयोजन में स्कूली छात्रों को दी सृजन अभियान की जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर पुलिस के साथ क्षत्रिय राजपूत कलमकार पत्रकार संघ सतत विद्यालय में विद्यार्थियों को जागरूक कर रहे हैं । इसी कड़ी में सी एम राइज महाराजा विद्यालय में साइबर पाठशाला के साथ सृजन अभियान की जानकारी दी ।**

इस दौरान एसीपी सुश्री सोनू डाबर, सब इंस्पेक्टर क्राइम ब्रांच शिवम ठक्कर,एएसआई गयेन्द्र यादव , महाराजा विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुधांशु वर्मा , क्षत्रिय राजपूत कलमकार पत्रकार संघ के सचिव सुनील सिंह शेखावत मौजूद थे। एसीपी सुश्री डाबर ने सृजन अभियान की जानकारी दी। विद्यार्थियों को कहा कि अपराध से दूर रहे पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर अपने मन की बात को अपने माता पिता व टीचर से शेयर करे यदि उन्हें भी न बता पाए तो पुलिस से शेयर करें। पुलिस अपराधियो के लिए सख्त है लेकिन विद्यार्थी को अपराध से रोकने लिए आपकी मित्र हैं। विद्यालय में बॉक्स लगाएंगे जिसमे आप अपनी बात बता सकते है।

सब इंस्पेक्टर शिवम ठक्कर ने साइबर पाठशाला में डिजिटल अरेस्ट से बचने के उपाय , अनजान लोगों से दोस्ती न करने व साइबर फ्राड से बचने के बारे में बताया। सुनील सिंह शेखावत ने नशा न करने व अध्यात्म से जुड़ने को कहा। एएसआई गयेन्द्र यादव ने नशा मुक्त की शपथ दिलाई।

# चाकू से हमला करने वाले व साथी का पुलिस ने निकाला जुलूस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पुलिस ने बहन से बात करने के विवाद में युवक पर चाकू से हमला करने वाले बदमाश और उसे चाकू उपल्बध कराने वाले उसके साथी को गिरफ्तार कर दोनों का जुलूस निकाल दिया।**

रोहित पिता संजय सागौरे निवासी त्रषिपैलेस ने द्वारकापुरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका भाई सुमित अपने दोस्त राधेश्याम उर्फ कोंडा की बहन से फोन पर बात कर रहा था। इस दौरान बदमाश राधेश्याम आया और उसने विवाद करते हुए सुमित पर जान से मारने की नीयत से उस पर चाकू से हमला कर दिया। बीच बचाव करने वह भी आया तो आरोपी ने उस पर और स्वयं के पिता से भी मारपीट की और घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया। इस पर पुलिस ने आरोपी राधेश्याम उर्फ गोडा पिता दीपक भास्कर निवासी त्रषिपैलेस के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

आरोपी की धरपकड़ के लिए थाना प्रभारी आशीष कुमार सप्रे के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। राधेश्याम की धरपकड़ के लिए थाना प्रभारी सप्रे ने कई ठिकानों पर दबिश दी और आखिरकार राधेश्याम उर्फ कोंडा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि चाकू उसे उसके दोस्त रोहित पिता शांतीलाल चितावले निवासी गंधावनी ने उपल्बध कराया था। ऐसे में पुलिस ने उसे भी घटना मे आरोपी बनाते हुए उसे भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने चाकूबाजों को सबक सिखाने के लिए उनका उसी मोहल्ले में ले जाकर जुलूस निकाला जहां उन्होंने चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया था। इस दौरान ना सिर्फ उनसे उठक बैठक लगवाई गई बल्कि उन पर पुलिस ने डंडे भी बरसाए। बदमाश कान पकडक़र माफी मांगते नजर आए।

## दहेज के लिए सताया कार में की मारपीट

इंदौर। एक महिला ने पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ ?। और मारपीट का केस दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि पति ने बात करने के बहाने बुलाकर चलती कार में पिता के सामने मारपीट की। जैसे ही कार रूकी जान बचाने के लिए मैं और पिता उतरने लगे तो उन्होंने गाड़ी तेजी से आगे बढा दी। इससे मैं घायल हो गई थी। मुझे अस्पताल में भर्ती कराना पडा। घटना 3 महीने पहले की है, जिसकी अब शिकायत दर्ज कराई गई है। हीरानगर पुलिस ने खुडैल निवासी आरती शाक्य की शिकायत पर मुरैना के सबलगढ निवासी पति रिंकू शाक्य, ससुर राम शाक्य और सास प्रेम बाई शाक्य पर केस दर्ज किया है। आरोप है कि ये तीनों 10 लाख रुपए दहेज की मांग रहे हैं।

## रुपयों के लेन-देन में दो परिवार भिड़े

इंदौर। महू की लालजी की बस्ती में मंगलवार दोपहर दो परिवारों में पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया। जानकारी लगते ही पुलिस पहुंची और विवाद शांत कराया। महू कोतवाली पुलिस के अनुसार, लालजी की बस्ती में यादव और वर्मा परिवार के बीच विवाद हुआ था। एक बार तो पुलिस ने दोनों परिवारों को शांत करा दिया था। फिर दोपहर में दोनों परिवार झगड़ पड़े। दोनों ही परिवारों ने कोतवाली थाने में केस दर्ज कराया है। जानकारी लगते ही तत्काल डीएसपी दिलीप चौधरी, कोतवाली थाना प्रभारी संजय द्विवेदी बल के साथ मौके पर पहुंचे। फिलहाल क्षेत्र में शांति है।

## मोबाइल और नगदी लूटी

इंदौर। बाइक सवार दो बदमाशों ने एक युवक को चाकू अड़ाकर मोबाइल और 425 रूपए लूट लिए। गांधी नगर पुलिस ने बताया कि वारदात फरियादी प्रकाश पिता राम नारायण शर्मा निवासी हुकुमचंद कालोनी के साथ हुई। वे गांधीनगर क्षेत्र में जा रहे थे तभी बाइक सवार बदमाशों ने रोका और चाकू दिखाकर मोबाइल फोन और 425 रूपए छीन कर फरार हो गए। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

## दुकान से पार्सल चोरी

इंदौर। एक दुकान में चोरी हो गई। परदेशीपुरा पुलिस ने बताया कि मामले में राजकुमार निवासी सुदामा नगर ने केस दर्ज करवाया है। उसका कहना है कि स्कीम नंबर 91 पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास दुकान में ताला तोडक़र घुसे चोर पार्सल चुरा ले गए।

# युवक पर घेरकर किया हमला

## चाकू और डंडे से किए वार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **विवाद में आरोपियों ने श्वान घुमा रहे युवक को घेर लिया और चाकू डंडे से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।**

तिलकनगर पुलिस के मुताबिक हमले की घटना स्कीम नंबर 140 में मेडिकैप्स स्कूल के पीछे हुई। घायल का नाम अविरल पिता महेंद्र कुमार जैन निवासी तिलकनगर एक्सटेंशन है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी यश जोशी और उसके अन्य साथियों पर केस दर्ज किया गया।

अविरल ने पुलिस को बताया कि वह अपने श्वान को घुमाने के लिए घर से निकला था। जब वह मेडिकैप्स स्कूल के पीछे की तरफ गया उसी दौरान पूर्व परिचित यश जोशी अपने अन्य साथियों के साथ आया। उसके हाथ में चाकू था। वह बोला कि तेरा दोस्त कपिश ज्यादा तेज चलता है और तू भी उसके साथ रहकर हमसे दादागिरी करता है। वह मुझे गालियां देने लगा मैंने उसे गालियां देने से मना किया तभी डंडे,स्टंप और राड से उसके अन्य साथी भी आ गए। सब गालियां देने लगे। मैंने विरोध किया तो उन्होंने मिलकर मुझ पर हमला कर दिया। यश जोशी ने चाकू मारा जिससे चोट लगकर खून निकलने लगा। हमले में मुझे कोहनी ,कंधे, पीठ और सिर में चोटें आई। मैंने शोर मचाया तो गार्डन में टहल रहा मेरा छोटा भाई अहम जैन और पर्व जैन आ गए जिन्होंने बीच बचाव किया। इधर हमले के बाद आरोपियों ने धमकाया कि आज तो बच गया दोबारा हमसे पंगा लिया तो जान से खत्म कर देंगे।

# नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक नाबालिग लडक़ी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। लसूडिया थाने में 17 साल की लडक़ी की शिकायत पर शुभम निवासी विवेकानंद कॉलोनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसके घर के नजदीक ही रहता है। इसलिए वह उसे जानती है। आरोपी कुछ दिनों से लगातार उसे परेशान कर रहा था। वह स्कूल जाती तो रास्ते में रोक कर बात करने का दबाव बनाता। बुरी नीयत से हाथ पकड़ कर साथ ले जाने की कोशिश करता। कल भी उसने यही हरकत की। लडक़ी ने विरोध किया तो आरोपी ने लडक़ी और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है।

### 13 साल की बच्ची से गंदी हरकत

13 साल की बच्ची से एक सिरफिरे ने घर के सामने ही उससे अश्लील हरकत की। लडक़ी ने यह बात अपने घर वालों को बताई जिसके बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। बेटमा पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम कृष्णा निवासी शिवगढ़ है। 13 साल की बच्ची अपने घर के बाहर ही खड़ी थी, तभी आरोपी वहां पहुंचा और अपनी पेंट की चेन खोलकर अश्लील हरकत करने लगा। बच्ची भाग कर अपने घर में गई और अपने घर वालों को घटना बताई। इसके बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

## दो भाइयों ने किया घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक युवक पर दो भाइयों ने शराब की बोतल से हमला कर उसे घायल कर दिया। विजयनगर पुलिस के अनुसार फरियादी का नाम देवेंद्र पिता तूफान सिंह जाटव निवासी अंबिका नगर मालवीय नगर है। इसकी शिकायत पर रवि और उसके भाई छोटू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों ने फरियादी देवेंद्र से पूर्व में पैसा उधार लिया था। कल देवेंद्र पैसा वसूलने पहुंचा था। रोबोट चौराहे के पास उसने दोनों भाइयों को बुलाया था उसने अपने पैसे मांगे तो दोनों भाई गालियां देकर मारपीट करने लग गए। छोटू के हाथ में बीयर की बोतल थी उसने उसी बोतल से देवेंद्र पर हमला कर उसे लहू लुहान कर दिया।

### अखंड संडे की अमृतांजलि काव्य गोष्ठी सम्पन्न

**इंदौर।** विश्राम बाग में अमृतांजलि काव्य गोष्ठी का आयोजन संस्था अखंड संडे द्वारा किया गया। इसमें साहित्यकार सदाशिव कौतुक ने ग्रामीण जीवन की सुहानी यादों को ताजा कर दिया। रशीद अहमद शेख ने दोहे प्रस्तुत किए। डा. शशिकला अवस्थी ने क्या आया जमाना इंसान ने इंसानियत भुला दी, दौलत के खातिर रिश्तों की नींव हिला दी। रिश्तों में आई दरार पर चिंता जताई। अरविंद आचार्य की रचना जीते जी, जी जाएं, साहित्य अमृत पी जाएं ने खूब वाहवाही बटोरी। हरमोहन नेमा, ब्रजेन्द्र नागर, श्याम बागोरा, सुरेन्द्र व्यास, नलिन खोईवाल, डा. शशि निगम ने भी मंत्रमुग्ध किया। संचालन मुकेश इंदौरी ने किया।

# बंजारा बस्ती में आग लगाई, बाइक-ट्रैक्टर फूंके

## भील समाज पर आगजनी और हमले का आरोप; पुलिस ने भागकर बचाई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना ,(एजेंसी)। गुना में भील समाज पर बंजारा समाज के घरों में आग लगाने का आरोप लगा है। आगजनी में घरों में रखा सामान पूरी तरह से जल गया।**

गुना में बंजारा बस्ती में आग लगा दी गई। इससे 8 से 10 घर पूरी तरह जल गए। आग से बस्ती में रखे ट्रैक्टर, बाइक, दूसरे सामान और अनाज जल गए। आरोपियों ने पुलिस बल पर भी हमला किया, उनको भागकर जान बचानी पड़ी। आगजनी और हमले का आरोप भील समाज पर लगाया जा रहा है। घटना मंगलवार को गुना जिले के फतेहगढ़ इलाके के पन्हेटी गांव की है।

जिला मुख्यालय से पुलिस फोर्स को गांव भेजा गया है। बताया जा रहा है कि बड़ी संख्या में भील समाज के लोग भी यहां मौजूद हैं।

### हमले की वजह; जमीन विवाद में शख्स की मौत के बाद बवाल

दरअसल, 31 अक्टूबर को फॉरेस्ट की जमीन को लेकर भील और बंजारा समुदाय में विवाद हो गया था। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी। इसमें दोनों गुटों के एक-एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इनमें से बंजारा समाज के व्यक्ति को भोपाल और भील समाज के व्यक्ति को इंदौर में भर्ती किया गया था।

सोमवार रात भील समाज के गल सिंह भिलाला की इंदौर में इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे आक्रोशित भील समाज ने बंजारा समाज की बस्ती में आग लगा दी। जहां घटना हुई, उस जगह बंजारा समाज ही रहता है। उनके लगभग 200 घर हैं। बाकी भील समाज के लोग अलग-अलग डेरों पर रहते हैं।

मृतक गल सिंह का शव रात 11 बजे गुना पहुंचेगा। बुधवार सुबह शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### 8 से 10 घरों में आग लगाई, 2 ट्रैक्टर जलाए

भील समाज के घायल शख्स की मौत की खबर जैसे ही गांव में उसके परिवार और रिश्तेदारों को लगी, तो वह बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए। इधर, गल सिंह की मौत की सूचना मिलते ही बंजारा समाज के लोग गांव से भाग गए।

मंगलवार सुबह करीब 11 बजे भील समाज के लोगों ने बंजारों के घरों पर हमला कर दिया। उनके आठ-दस घरों में आग लगा दी। दो ट्रैक्टर आग के हवाले कर दिए। घरों और खलियानों में रखी मक्का भी जला दी। आगजनी में घरों में रखे सारे सामान जल गए। पीड़ित के घर जल जाने के बाद वे ठंड के बीच खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर है। हालांकि जिनके घर जले हैं, उनके लिए प्रशासन ने रात का खाना मंगवाया है। बुधवार से व्यवस्था के लिए राशन मंगवाया गया है।

आगजनी में कच्चे घर जलकर खाक हो गए। वहां रहने वाले लोग अब पुलिस की गाड़ियों में रात गुजारने को मजबूर है।

### पुलिस वाहनों पर भी हमला, पुलिसकर्मी भागे

सूचना मिलने पर फतेहगढ़ थाने से पुलिस गांव में पहुंची, लेकिन उन्हें गांव में नहीं घुसने दिया गया। पुलिस के वाहनों पर भी हमला किया गया। जिसके चलते पुलिस को वहां से भागना पड़ा। फिलहाल जिला मुख्यालय से पुलिस फोर्स गांव में भेजा गया है।

### एसडीओपी बोले- नुकसान का आकलन कर रहे

एसडीओपी विवेक अष्ठाना ने बताया कि पिछले महीने दोनों गुटों में झगड़ा हुआ था। एक व्यक्ति इंदौर में भर्ती था, जिसकी सोमवार को मौत हो गई। मंगलवार सुबह बंजारा समाज के कुछ घरों में आग लगा दी गई है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है। जिन लोगों के घरों में आग लगी, उनसे पूछताछ की जा रही है। उनके बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।

### 100 से ज्यादा पुलिस गांव में तैनात

जानकारी के मुताबिक, इस समय 100 से ज्यादा का पुलिस बल गांव में मौजूद है।

# 10 वीं की छात्रा ने जहर खाकर आत्महत्या की

## शिवपुरी से पिता ने पढ़ाई के लिए भेजा था ग्वालियर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, (एजेंसी)। ग्वालियर में 15 साल की छात्रा ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। 10वीं की छात्रा मूल रूप से शिवपुरी की रहने वाली थी। ग्वालियर के कुंदालकर की गोठ में बहन के साथ रहकर पढ़ाई कर रही थी।**

उल्टियां होने पर बहन उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंची। यहां डॉक्टरों ने उसके जहर खाने की पुष्टि की। पॉइजन वार्ड के आईसीयू में छात्रा को एडमिट कर बचाने की कोशिश की गई, लेकिन हर मिनट के साथ उसकी हालत बिगड़ती चली गई। आखिर में उसने दम तोड़ दिया। छात्रा ने यह कदम क्यों उठाया, पुलिस इसका पता लगा रही है। शिवपुरी के करैरा बमरौली निवासी रामबाबू शर्मा व्यापारी हैं। उनकी 15 साल की बेटी रागिनी ग्वालियर के माधौगंज थानाक्षेत्र स्थित कुंदालकर की गोठ में बड़ी बहन पल्लवी शर्मा के साथ रहकर पढ़ाई कर रही थी। सोमवार देर शाम रागिनी की तबीयत बिगड़ने लगी थी। वह बार-बार उल्टी कर रही थी। पल्लवी उसे लेकर डॉक्टर के पास पहुंचीं। डॉक्टर देखते ही समझ गए कि छात्रा ने कुछ खाया है। जब उससे पूछा, तो उसन जहर खाने की बात कही। इसके बाद उसे जेएच के पॉइजन वार्ड लेकर पहुंचे। जेएच पहुंचते समय उसकी हालत बेहद नाजुक हो गई थी। गंभीर हालत होने पर उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया था। यहां मंगलवार को छात्रा ने दम तोड़ दिया।

# चायना डोर का क्रय-विक्रय 2 माह तक प्रतिबंधित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन,निप्र।** जिले में मकर संक्रांति पर पतंगबाजी की जाती है। इस दौरान खतरनाक चायना डोर के उपयोग के कारण पूर्व में राहगीरों,पशु,पक्षियों के कटने तथा चोंट पहुँचने की घटनाएं घटित हुई हैं। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने चायना डोर के उपयोग से होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए 25 नवंबर से आगामी 2 माह तक प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए है। यह प्रतिबंधात्मक आदेश संपूर्ण जिले में लागू रहेगा। आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति पतंगबाजी में न तो नायलोन डोर चायना डोर का निर्माण करेगा, न ही क्रय-विक्रय करेगा,न ही उपयोग करेगा और न ही भंडारण करेगा।

# 11 घंटे बाद निकाले जा सके मां-बेटी के शव

## मुरैना में मकान में ब्लास्ट से 4 महिलाओं की मौत, जेसीबी-ट्रैक्टर से हटाया मलबा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना, (एजेंसी)।** मुरैना में मकान में ब्लास्ट से मलबे में दबी दो महिलाओं के शव करीब 11 घंटे बाद मंगलवार को निकाले जा सके। दोनों के बीच मां-बेटी का रिश्ता है। अधिकारियों की पुष्टि के बाद अब हादसे में मृतकों की संख्या 4 हो गई है। दो महिलाओं के शव रात में ही मिल गए थे। 5 घायलों को मुरैना जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर के जयारोग्य अस्पताल (जेएएच) में भर्ती कराया गया है।

रात करीब साढ़े 12 बजे मुरैना की टंच रोड स्थित राठौर कॉलोनी में मुंशी राठौर के मकान में ब्लास्ट हो गया था। इसके आसपास बने चार और मकान धराशायी हो गए थे। मलबे में मुंशी राठौर के मकान में किराये से रहने वाले सोवरन सिंह कुशवाहा की पत्नी वैजयंती और शादीशुदा बेटी



वैजयंती कुशवाहा | विमला कुशवाहा | विद्या राठौर | पूजा राठौर

विमला कुशवाहा दब गई थीं। वहीं, पड़ोसियों- राकेश राठौर की पत्नी विद्या राठौर और वासुदेव राठौर की बहू पूजा राठौर की लाशें रात में ही निकाल ली गई थीं।

### बिजली सप्लाई बंद की, तार भी हटाए गए थे

पुलिस-प्रशासन, नगर निगम और एसडीईआरएफ की टीमों ने रात में ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया था। जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से मलबा हटाया गया। रात में ही करंट सप्लाई बंद कर दी गई। सुबह बिजली के खंभों से तार भी हटा दिए गए थे।

### पटाखों में विस्फोट से ब्लास्ट की आशंका

मलबे से एलपीजी के दो सिलेंडर सलामत निकले हैं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि मकान में रखे पटाखों में विस्फोट हुआ है। हालांकि, पुलिस अभी इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच कर रहे हैं, तथ्य सामने आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

# कार डिवाइडर से टकराई, 3 भाई, एक भतीजे की मौत

## पुलिस ने गाड़ी का कांच तोड़कर निकाले शव; शादी से लौट रहे थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मैहर,(एजेंसी)।** मैहर में एक कार डिवाइडर से टकरा कर खाई में पलट गई। हादसे में कार सवार 4 लोगों की मौके पर मौत हो गई। चारों कटनी में शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। सभी पन्ना के रहने वाले हैं। आपस में 3 चचेरे भाई थे और एक भतीजा था। घटना मंगलवार तड़के करीब 3:30 बजे की है। पुलिस ने शवों को पीएम हाउस में रखवा दिया है। एक शख्स की शिनाख्त हुई है।

पुलिस के मुताबिक कटनी तरफ से आ रही कार घुसड़ नदी के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई। इसके बाद सड़क से उतर 10 फीट नीचे गड्ढे में गिरकर पलट गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### दो किसान, एक टीचर

मृतक पन्ना की देवेंद्रनगर तहसील के सिमरी गांव के एक ही परिवार के थे। सुखविधान पास के गांव दुबहिंया के मिडिल स्कूल में शिक्षक थे। उनके पास हेडमास्टर का प्रभार था। उनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा टीचर और छोटा बेटा इंजीनियर है। शैलेंद्र किसान थे। अपनी 5 एकड़ जमीन से परिवार को पालन-पोषण करते थे। अरविंद सिंह भी पेशे से किसान थे। वहीं, शिवराज सिंह आर्मी की नौकरी छोड़कर गांव में खेती करने लगे थे। अपने परिवार के साथ रहते थे।

**कार का कांच तोड़कर निकाले शव-** राहगीरों की सूचना पर सुबह मैहर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंची। कार का कांच तोड़ शवों को बाहर निकाला गया। यहां से पोस्टमॉर्टम के लिए मैहर सिविल अस्पताल भेजा गया है। मरने वालों में सुखविधान सिंह, दामोदर सिंह, अरविंद सिंह निवासी सिमरी देवेंद्र नगर पन्ना आपस में चचेरे भाई थे। वहीं, शिवराज सिंह उनका भतीजा था। पुलिस ने परिजन को भी सूचना दे दी है। पुलिस ने बताया कि चारों कटनी में शादी समारोह में शामिल होकर देवेंद्रनगर लौट रहे थे।

# काशी एक्सप्रेस के सामने युवक ने कूदकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम, (एजेंसी)। नर्मदापुरम के सोहागपुर में काशी एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूदकर 20 साल के एक युवक ने जान दे दी। घटना मंगलवार देर रात की है। मंगलवार सुबह युवक का शव रेलवे ट्रैक पर तीन हिस्से में मिला। सोहागपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया।**

शव एकत्र कर पोस्टमॉर्टम के लिए लाया गया। पुलिस ने शव की पहचान मुकेश पिता रमेश मालवीय निवासी बारंगी सोहागपुर के रुप की है। एसडीओपी संजू चौहान ने बताया मृतक मुकेश मालवीय टीबी बीमारी से ग्रसित था। सोमवार रात को वो एक शादी समारोह से घर आया। कुछ देर बाद घर से बिना कुछ बोले चला गया।

**वापस नहीं आया तो परिजनों ने की तलाश-** वापस नहीं आया तो परिजन रातभर उसकी तलाश करते रहे। मंगलवार सुबह इटारसी-सोहागपुर के बीच में बांसाखापा के करीब रेलवे ट्रैक पर खंबा नंबर 790/24 के पास एक युवक के शव मिलने की सूचना मिली। जिसके बाद आसपास के गांवों में पुलिस ने युवक के बारे में पड़ताल की।

इस बीच परिजन युवक को ढूंढते हुए पहुंचे। मृतक की पहचान मुकेश मालवीय के रूप में की। रात में काशी एक्सप्रेस के सामने उसने कूदकर जान दी है। मृतक के सुसाइड करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामले की जांच की जा रही है।

## संपादकीय

# दिल्ली की दमघोंटू हवा और प्रदूषण पर सख्ती का नहीं दिख रहा असर

पिछले कई दिनों से राजधानी दिल्ली की हवा कैसी है, यह जगजाहिर है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि प्रदूषण में लगातार बढ़ोतरी की वजह से यहां प्रतिबंधों के स्तर को और ज्यादा सख्त करने की जरूरत पड़ रही है। इसके बावजूद दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कोई राहत मिलती नहीं दिख रही। हवा में घुले धुएं और धुंध की वजह से लोगों की परेशानियां कम नहीं हो रहीं हैं, सेहत के सामने कई तरह की मुश्किलें गहरा रही हैं। इस मसले पर शीर्ष अदालत तक को सख्ती बरतने का आदेश जारी करना पड़ा है और उसने प्रदूषण पर काबू पाने के लिए लागू किए गए उपायों की निगरानी करने की भी जरूरत बताई है। लगातार बढ़ती मुश्किलों के मद्देनजर इस उम्मीद में दिल्ली में ग्रैप-4 के नियम लागू किए जा चुके हैं कि प्रदूषण से उपजी स्थिति में कुछ सुधार होगा। मगर सरकार की ओर से तमाम उपायों को सख्ती से लागू करने के दावे के बरक्स हकीकत यह है कि राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक चार सौ से ऊपर दर्ज किया गया। गौरतलब है कि ग्रैप-4 के तहत दिल्ली में बाहर से आने वाले वाहनों के सीमित प्रवेश को लेकर जो नियम लागू किए गए हैं, उनके सख्ती से पालन को लेकर कई सवाल उठे हैं। वाहनों के दिल्ली में दाखिल होने की जगहों पर सख्त निगरानी लागू करने पर जोर देने से लेकर कृत्रिम बारिश कराने तक पर विचार किया जा रहा है। मगर इस क्रम में नियमों के असर और उनके विरोधाभास को लेकर भी ऊहापोह की स्थिति बन रही है। प्रदूषण की रोकथाम के मद्देनजर पहले ही दिल्ली में पेट्रोल और डीजल से चलने वाली कारों के लिए क्रमशः पंद्रह और दस वर्ष की सीमा तय की गई है। मगर फिलहाल बाहर से दिल्ली में प्रवेश करने वाली गाड़ियों को जिस तरह प्रतिबंधित किया गया है, उसमें इससे कम अवधि वाले वाहन भी प्रभावित हो रहे हैं। दिल्ली में आवाजाही के लिए सार्वजनिक परिवहन की हालत यह है कि बसों से गंतव्य तक सही समय पर पहुंचना संभव नहीं रह गया है। वहीं मेट्रो भी अब समय और जरूरत के तकाजे के बोझ से दब रही है। सवाल है कि इस वर्ष फिर ठंड की आहट के साथ ही प्रदूषण की वजह से उपजी समस्या के गहराते जाने के बाद दिल्ली सरकार ने जो शुरुआती उपाय किए, उससे राहत क्यों नहीं मिली! अब ग्रैप-4 के भी नियम लागू किए जाने के बावजूद राजधानी की हालत ऐसी क्यों बनी हुई है कि सुप्रीम कोर्ट को भी स्कूलों के संचालन और अन्य स्तर पर नियंत्रण को लागू करने की हिदायत देनी पड़ी है। प्रदूषण का जो स्तर बना हुआ है, उस पर काबू पाने के लिए हर उचित उपाय किए जाने चाहिए। इससे किसी को असहमति नहीं होगी। मगर क्या इस क्रम में ऐसी स्थिति पैदा होनी चाहिए कि उन उपायों से आम लोगों को राहत मिलने के बजाय उनकी परेशानियों में इजाफा ही हो जाए। दिल्ली में वायु गुणवत्ता की दशा जिस पैमाने तक पहुंच गई है, उसमें बाहर से आने वाले वाहनों के यहां सीमित प्रवेश को लेकर लागू नियम का अपना महत्व हो सकता है। लेकिन इसके बावजूद अगर दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक में कोई सुधार नहीं हो रहा है, तो इसकी क्या वजहें हैं? प्रदूषण से निपटने के वास्तविक उपायों को लागू करने के मोर्चे पर निरंतरता सुनिश्चित किए बिना तात्कालिक सख्तियों से कितनी राहत मिल सकेगी?

## OSHO कहिन


**एक गंभीर व्यक्ति कभी मासूम नहीं हो सकता है और जो मासूम है वह कभी गंभीर नहीं हो सकता।**



## ज्ञान-विज्ञान

# धरती को छोड़कर चला गया दूसरा चंद्रमा

## क्या फिर कभी वापस लौटेगा?



**2024 PTS... ये वो चंद्रमा है जो दो महीने धरती का मेहमान था. अब यह हमारे घर को छोड़कर अंतरिक्ष की अनंत यात्रा पर निकल गया है. यह चंद्रमा अपने घर की ओर जा रहा है, जो एक एस्टेरॉयड बेल्ट है. इस बेल्ट का नाम है अर्जुन एस्टेरॉयड बेल्ट. जो धरती और सूरज के बीच मौजूद है. यह एक बस के आकार का था.**

यह बेल्ट सूरज से 15 करोड़ km पर है. लगभग उतनी ही दूरी जितनी धरती की सूरज से है. मैड्रिड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर कार्लोस डेला फ्यूएंटे मार्को ने कहा कि अर्जुन एस्टेरॉयड बेल्ट की दिशा अलग है. इस बेल्ट में मौजूद पत्थर आमतौर पर नीयर-अर्थ ऑब्जेक्ट्स हैं. इनमें से कुछ पत्थर धरती के बेहद नजदीक चले आते हैं. लगभग 45 लाख km की दूरी तक. इनकी गति 3540 km/hr तक हो सकती है. यह चांद अगले साल जनवरी में धरती के बगल से फिर गुजरेगा. तब धरती से इसकी दूरी 17.8 लाख किलोमीटर है. इसे कैलिफोर्निया के मोजावे रेगिस्तान में लगा गोल्डस्टोन सोलर सिस्टम राडार एंटीना ट्रैक कर रहा है. इसके अलावा नासा का डीप स्पेस नेटवर्क भी इस पर लगातार नजर रख रहा है.

### क्या होते हैं मिनी-मून?

मिनी-मून दो तरह से पृथ्वी के नजदीक आते हैं. पहली ये कि कोई वस्तु आकर धरती की ग्रैविटी में फंस जाए कि वह एक दो साल तक निकल ही न पाए. पृथ्वी के चारों तरफ चक्कर लगाता रहे. दूसरा ये कि कम समय के लिए कोई पत्थर आए. धरती का आधा या एक चक्कर लगाकर निकल जाए. ये कुछ दिनों से कुछ हफ्तों का रुकता है.

### ये हैं वो मिनी-मून जो पहले भी घूम गए पृथ्वी

अब तक दो बार लंबे समय के लिए दो पत्थर मिनी-मून बने थे. पहला 2006 RH120 और 2020 CD3. इसके अलावा तीन छोटे-छोटे समय के लिए फंसे थे. ये हैं- 1991 VG, 2022 NX1 और इस बार वाला 2024 PTS. दुनियाभर के वैज्ञानिक इस मिनी-मून के आने का इंतजार कर रहे हैं. इसके रास्ते और व्यवहार की स्टडी में लगे हैं.

इसे आप साधारण टेलिस्कोप या दूरबीन से नहीं देख सकते. इसे देखने के लिए कम से कम 30 इंच डायमीटर वाला सीसीडी या सीएमओएस डिटेक्टर टेलिस्कोप चाहिए. इस मिनी-मून के बारे में हाल ही में द रिसर्च नोट्स ऑफ द एएएस जर्नल में रिपोर्ट छपी है.

New Delhi

# ईसाई महिला ने आरक्षण का लाभ लेने के लिए अपनाया हिंदू धर्म, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई कड़ी फटकार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** यदि कोई व्यक्ति केवल आरक्षण लाभ प्राप्त करने के लिए बिना किसी आस्था के धर्म परिवर्तन करता है तो यह आरक्षण की नीति की सामाजिक भावना के खिलाफ होगा। यह निर्णय मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए एक महिला को अनुसूचित जाति (SC) प्रमाण पत्र देने से इनकार कर दिया। महिला ने यह प्रमाण पत्र एक उच्च श्रेणी के लिपिक पद की नौकरी पाने के लिए पुदुचेरी में प्राप्त करने के उद्देश्य से मांगा था। उसने दावा किया था कि वह हिंदू धर्म अपनाकर अनुसूचित जाति में शामिल हो चुकी है।

जस्टिस पंकज मिथल और आर महादेवन की पीठ ने



इस मामले पर सुनवाई की। उन्होंने अपने फैसले में कहा, 'इस मामले में प्रस्तुत साक्ष्य से यह स्पष्ट होता है कि अपीलकर्ता ईसाई धर्म का पालन करती हैं और नियमित रूप से चर्च जाती हैं। इसके बावजूद, वह खुद को हिंदू बताती हैं और रोजगार के लिए अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र की मांग करती हैं। उनका यह दोहरा दावा अस्वीकार्य है और वह बपतिस्मा लेने के बाद खुद को हिंदू के रूप में पहचान नहीं सकतीं।'कोर्ट ने आगे कहा, 'इसलिए सिर्फ आरक्षण का लाभ लेने के लिए एक ईसाई धर्मावलंबी को अनुसूचित जाति का सामाजिक दर्जा देना संविधान की मूल भावना के खिलाफ होगा और इसे धोखाधड़ी माना जाएगा।' कोर्ट ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और प्रत्येक नागरिक को संविधान के तहत अपने धर्म को मानने और पालन करने का अधिकार है।

Uttarpradesh

## डिवाइडर से टकराई, दूसरी लेन में पहुंच गई, फिर ट्रक ने रौंदा...कन्नौज में स्कॉर्पियो सवार 5 डॉक्टरों की मौत की कहानी

**कन्नौज, (एजेंसी)** यूपी के कन्नौज में आज तड़के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें पांच डॉक्टरों की मौत हो गई, जबकि एक बुरी तरह घायल हो गया. बताया जा रहा है कि डिवाइडर से टकराने के बाद स्कॉर्पियो दूसरे लेन में पहुंच गई और सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए. मंजर बेहद भयावह था.

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, स्कॉर्पियो सवार लोग लखनऊ से एक शादी समारोह अटेंड करने के बाद देर रात वापस सैफई जा रहे थे. तभी तड़के चार बजे के करीब कन्नौज के तिर्वा एरिया पर उनकी गाड़ी डिवाइडर से टकराकर दूसरे लेन पर आ गई और एक ट्रक से भिड़ गई. ये भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे इलाज के लिए सैफई के मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है.

स्कॉर्पियो सवार युवक सैफई मेडिकल कॉलेज में पीजी के स्टूडेंट थे. बीते दिन लखनऊ एक शादी में गए हुए थे. लौटते वक्त स्कॉर्पियो में 6 लोग बैठे थे. इसी दौरान लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या-196 पर उनकी गाड़ी बेकाबू हो गई और डिवाइडर तोड़ कर दूसरी लेन में आ गई. तभी सामने से आ रहे ट्रक ने स्कॉर्पियो को टक्कर मार दी. जिसके चलते डॉक्टर अनिरुद्ध वर्मा पुत्र पवन कुमार वर्मा, निवासी आगरा सहित पांच लोगों की मृत्यु हो गई. वहीं, एक गंभीर रूप से घायल हो गया.

मामले में तिर्वा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सीपी पाल ने बताया कि यूपीडा की गाड़ी से 6 लोग यहां लाए गए थे, जिनमें पांच की मौत हो चुकी थी. एक गंभीर रूप से घायल था.

New Delhi

## दिल्ली में सीवर के पानी से भरे गड्ढे में डूबकर बच्ची की मौत, अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सीवर के पानी से भरे गड्ढे में डूबकर एक बच्ची की मौत हो गई। परिजनों ने संबंधित अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। पुलिस के अनुसार, घटना रविवार सुबह उत्तर-पश्चिम दिल्ली के रोहिणी के बेगमपुर इलाके में हुई। बच्ची खाली भूखंड में सीवर के पानी से भरे गड्ढे में डूब गई। अधिकारियों ने मंगलवार को घटना की जानकारी दी। आशंका है कि बच्ची खेलते समय गड्ढे में गिर गई। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह नौ बजे अपहरण के संबंध में एक फोन कॉल आई। परिवार को संदेह था कि बच्ची का अपहरण उस समय किया गया जब वह अपने घर के बाहर खेल रही थी। बाद में पीड़िता के परिवार को पता चला कि वह घर के पास के खाली प्लॉट में बने गड्ढे में गिर गई थी। इसके बाद स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। लोगों की मदद से बच्ची को पानी से बाहर निकाला गया। बच्ची को आनन फानन में रोहिणी के आम्बेडकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शोकाकुल परिवार के सदस्यों ने न्याय की मांग करते हुए दावा किया कि जलभराव को रोकने में विफल रहे अधिकारियों की लापरवाही के कारण उनकी बच्ची की मौत हुई है।

Bihar

## 'आओ, तुम्हारे लिए पायल लाया हूं...', मायके गई पत्नी को घर से बाहर बुलाकर काट दिया गला

**बेगूसराय, (एजेंसी) बिहार के बेगूसराय में एक शख्स ने मामूली बात पर अपनी पत्नी की गला काटकर हत्या कर दी. उसने मायके में रह रही पत्नी को घर के बाहर बुलाया और फिर धारदार हथियार से उसका गला काट दिया. यह सनसनीखेज मामला वीरपुर थाना क्षेत्र के भवानंदपुर पंचायत स्थित कुशल टोल का है. मृतका की पहचान स्व. दुखन मोची की 22 साल की बेटी चमचम कुमारी के रूप में की गई है.**

बताया जाता है कि चमचम कुमारी कुछ दिनों से अपने मायके में रह रही थी. मंगलवार की रात उसके पति तेघरा गांव निवासी रमेश मोची ने उसको फोन कर घर से बाहर बुलाया और जब चमचम देवी अपनी मां के साथ घर से बाहर निकलकर सड़क पर पहुंची तो रमेश के साथ चमचम कुमारी के बीच पायल को लेकर विवाद होने लगा. चमचम उससे एक पायल मांग रही थी. इसपर गुस्साए रमेश ने चाकू निकालकर अपनी पत्नी का गला काट दिया और फरार हो गया. महिला की मौके पर मौत हो गई.

चमचम की शादी तेघरा के रमेश मोची के साथ हुई थी लेकिन रमेश ने दो शादी कर रखी हैं. जिसके चलते कलह के बाद से चमचम कुछ दिनों से मायके में ही रह रही थी. परिजनों का कहना है मंगलवार की रात करीब आठ बजे उसके पति रमेश मोची ने फोन करके चमचम से कहा कि बाहर आओ तुम्हारे लिए पायल लाया हूं. वह अपनी मां के साथ बाहर गई तो रमेश ने सड़क किनारे चाकू से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी.

खेल

# सिनर ने इटली को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाया, फाइनल में नीदरलैंड को 2-0 से हराया

**मलागा (स्पेन)। शानदार फॉर्म में चल रहे विश्व नंबर एक यानिक सिनर की बदौलत इटली ने नीदरलैंड को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी बार डेविस कप जीत लिया। इटली लगभग 25 वर्ष तक डेविस कप खिताब से दूर रहा, लेकिन सिनर के आते ही उसे लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल हुआ है। सिनर ने टैलन ग्रीकस्पोर को सीधे सेटों में 7-6 (2), 6-2 से हराकर इटली को विजेता बनाया।**

बेरेटिनी ने जीता पहला एकल

इससे पहले मैटियो बेरेटिनी ने राफेल नडाल को उनके अंतिम मुकाबले में हराने वाले बोटिक वान डि जेंडशुल्प को 6-4, 6-2 से हराकर इटली को 1-0 की बढ़त दिलाई थी। सिनर ने जीत के बाद कहा, गत विजेता होकर एक बार फिर चैंपियन बनना, हमारे लिए इससे अच्छी भावना और कोई नहीं हो सकती है। पलासियो डि डिपोर्टेस जोस मारिया मार्टिन कारपेना में बैठे 9 हजार दो सौ दर्शकों में इटली को जबरदस्त समर्थन मिला। इटली के समर्थकों ने मेगा फोन और ड्रमों की थाप पर अपनी टीम का हौसला बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। चेक गणराज्य की ओर से 2012 और 2013 में लगातार दो बार डेविस कप का



खिताब जीतने के बाद इटली दो बार चैंपियन बनने वाली पहली टीम है।

### पूरी टीम ने मनाया जश्न

बीते बुधवार को इटली की महिला टीम ने स्लोवाकिया को हराकर बिली जीन किंग कप का खिताब जीता था। इटली टीम के कप्तान फिलिपो वोलांद्री ने कहा- पुरुष टीम ने जीत के साथ हमें और ज्यादा गौरवान्वित किया है। सिनर का यहां डेविस कप में रिकॉर्ड 4-0 रहा। इसमें बेरेटिनी के साथ युगल में अर्जेंटीना के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में हासिल की गई जीत भी शामिल है। सिनर के जीतते ही बेरेटिनी और पूरी टीम कोर्ट पर आ गई और एक दूसरे गले में हाथ डालकर जश्न मनाने लगी। वोलांद्री ने सिनर को उठाकर हवा में लहरा दिया। सिनर ने ग्रीकस्पोर के खिलाफ 15 एस लगाए। एक सप्ताह पूर्व एटीपी फाइनल्स का खिताब जीतने वाले सिनर पिछले 14 मैचों और 26 सेट से नहीं हारे हैं। इस वर्ष उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई और यूएस ओपन का खिताब भी जीता है।

सिनेमा

## 'ये इतनी मोटी है, फल्मिों में कैसे आ गई?' जब बिकिनी सीन करने पर नयनतारा हुईं थीं ट्रोल



साउथ एक्ट्रेस नयनतारा का फिल्मी करियर काफी उतार-चढ़ाव वाला रहा है. एक्ट्रेस ने अपने शुरुआती दिनों में कई बार ट्रोलर्स का सामना किया है. इसी दौरान वो कई बार अपने अफेयर के चलते सुर्खियों में भी रही हैं. लोगों ने नयनतारा को उनकी एक्टिंग और बढ़े हुए वजन के कारण भी ट्रोल किया है. इन सारी बातों पर, मुश्किल वक्त पर नयनतारा ने अपनी नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई डॉक्यू सीरीज 'नयनतारा: बियॉन्ड द फेयरीटेल' में बताया है. ये सीरीज काफी चर्चामें हैं. इस डॉक्यूमेंट्री में वो अपनी निजी जीवन और फिल्मी करियर से जुड़े कई किस्सों और कहानियों को खुलकर सभी के सामने रख रही हैं. इन सभी किस्सों-कहानियों के बीच नयनतारा ने अपने फिल्मी करियर के सबसे मुश्किल पल के बारे में भी बताया. नयनतारा ने बताया कि सबसे मुश्किल वक्त फिल्म 'गजनी' के दौरान देखा था. साल 2005 में आई तमिल फिल्म 'गजनी' में उन्होंने काम किया था, जिसके बाद उन्हें ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था. उनके खिलाफ की गई 'घटिया मोटापे वाली टिप्पणियों' ने उन्हें काफी निराश कर दिया था. इन कमेंट को पढ़कर बहुत बुरा लगता था.लोग कहते थे कि ये क्यों एक्टिंग कर रही है? ये क्यों है फिल्म में? ये कितनी मोटी है.

## Highlights

1. Black Spot Cleared: Safer Drive on Ludhiana-Chandigarh Highway
2. Cyclone Fengal likely to hit TN today, schools closed in Chennai
3. Can't force themselves into our home: Cousin to Udaipur Maharana Vishvaraj after clash
4. Massive fire breaks out in forest in Himachal's Kullu
5. K'taka MLA backtracks after seeking 2-3 poll schemes' cancellation
6. Deeply hurt that arrest of Hindu monk is misconstrued: B'desh on India's remarks
7. Religious conversion only for sake of job is fraud on Constitution: Supreme Court

# Knowing the business, hiring experts helps to build successful airlines



**NEW DEIHI, (Agency).** In May 1993, when Jet Airways took to the skies, Naresh Goyal, the young airline founder, was a general sales agent (GSA) for a clutch of foreign airlines that operated in and out of India right from 1967. By the time he set up his airline in partnership with Gulf Air and Kuwait Airways, both of whom initially held a stake in Jet, Goyal was the GSA for 17 foreign airlines, had cut his teeth and had a keen understanding of what it takes to succeed in this space. As early as the 1970s, Goyal was attending IATA annual general meetings to hone his own knowledge and networking to make connections with global industry professionals who attended these. It was armed with this knowledge and experience that he set up what soon became the best airline in India, Jet Airways. The name of the airline also came from his GSA business: Jet Air Transportation Ltd. This also gave him an invaluable network with the Indian travel agents community, a source of strength for the airline in the early days. A former Jet professional said that Goyal single handedly did what full airline teams today are unable to manage with the same canny and competence. Moreover, unlike many of the subsequent private founders and investors in the sector, Goyal had virtually no access to funds (like the Marans or Mallaya) and no large corporate group backing (like Tatas or Wadias).

Not only was Jet considered the best among airlines in India, it also managed to gain a reputation for its reliability and high-quality service globally. Moreover, from the time it took to the skies, Jet had a clear and well-defined business model and armed with a committed body of professionals who learnt under the keen eye of Goyal, the airline was a success by any standard. Its eventual decline and fall were more a reflection of the changed times -- and the advent of the low fare airline revolution -- than its own creation, barring the big mistake of buying Sahara.

# मेडन फॉर्जिंग्स ने H1 FY25 में ₹109 करोड़ की कुल आय प्राप्त की

### उद्योग की चुनौतियों के बीच लचीलापन को प्रदर्शित करता है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुंबई। माईडन फोर्जिंग्स लिमिटेड (बीएसई - 543874), जो पिछले 35 वर्षों से ब्राइट स्टील बार्स और वायर की विस्तृत श्रृंखला का प्रमुख निर्माता है, ने H1 FY25 के लिए अपनी अवार्डित वित्तीय परिणामों की घोषणा की है।**

प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, श्री निशांत गर्ग, प्रबंध निदेशक, मेडन फॉर्जिंग्स लिमिटेड ने कहा, 'हम H1 FY25 के दौरान 109.19 करोड़ की कुल आय प्राप्त करने और अपनी शुद्ध लाभ मार्जिन में सुधार करने की रिपोर्ट देते हुए प्रसन्न हैं, जबकि इस्पात उद्योग के लिए चुनौतीपूर्ण माहौल के बावजूद। यह मजबूती हमारे मूल्य वर्धित और विशेष उत्पादों पर रणनीतिक ध्यान केंद्रित करने का परिणाम है, जिससे हमें मंदी के बाजार में भी संचालन के स्तर को स्थिर बनाए रखने में मदद मिली है। हमारी हालिया 4 एकड़ भूमि का अधिग्रहण हमारे सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल हमारे उत्पादन क्षमता को बढ़ाएगी, संचालन को सरल बनाएगी, और उन्नत प्रौद्योगिकियों के माध्यम से लागत दक्षता में सुधार करेगी। हमें विश्वास है कि यह समेकन, साथ ही हमारी मजबूत संचालन रणनीति, हमें भविष्य में लगातार विकास और हमारे हितधारकों के लिए मूल्य निर्माण के लिए अच्छी स्थिति में रखेगी।

कटाक्ष




# बीआरटीएस पर बनेंगे पांच ब्रिज जनवरी से शुरू होगा सर्वे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के बीआरटीएस को प्रदेश सरकार ने हटाने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पिछली इंदौर यात्रा के दौरान बीआरटीएस तोड़ने की घोषणा की थी।**

अभी नगर निगम ने बीआरटीएस हटाने का काम शुरू नहीं किया, लेकिन बीआरटीएस के पांच प्रमुख जंक्शन पर ब्रिज के लिए प्री फिजिबिलिटी सर्वे शुरू करने के लिए नगर निगम ने टेंडर जारी किए है। जनवरी माह में सर्वे शुरू करने की तैयारी है, हालांकि नगर निगम को बीआरटीएस की बस लेन हटाने के लिए हाईकोर्ट से अनुमति लेना होगी। बीआरटीएस के ब्रिज के लिए एलआईजी, पलासिया चौराहा, गीता भवन चौराहा, शिवाजी वाटिका, नवलखा चौराहा पर ब्रिज के लिए सर्वे होगा। सभी ब्रिज बीआरटीएस के मध्य हिस्से में बनाए जाएंगे। बीआरटीएस के भंवरकुआं पर ब्रिज बनकर तैयार हो चुका है, जबकि निरंजनपुर चौराहा पर ब्रिज का निर्माण शुरू हो चुका है। बीआटीएस के सबसे व्यस्त विजय नगर चौराहे पर ब्रिज नहीं बन पाएगा,क्योकि चौराहे से मेट्रो ट्रेन रुट क्रास कर रहा है। इसके अलावा पलासिया चौराहा से भी मेट्रो का रुट क्रास होगा। इस कारण यहां ब्रिज की ऊंचाई ज्यादा रखना होगी।

बीआरटीएस ब्रिज तीन सौ करोड़ रुपये में बना है, लेकिन बीआरटीएस की बस लेन और स्टेशनों को तोड़कर ब्रिज बनाने के लिए भी करोड़ों रुपये की राशि खर्च होगी,क्योकि बीआरटीएस के दोनो तरफ सीवरेज लाइन बिछाई गई है, जबकि मध्य हिस्से में नर्मदा लाइन बिछी है। चौराहों पर नर्मदा लाइन भी शिफ्ट करना होगी। इसमें भी तगड़ा खर्च आना है। बीआरटीएस की बस लेन के मध्य हिस्से में बस स्टेशन भी बने है, जो चार फीट ऊचें प्लेटफार्म पर बनाए गए है। बस लेन की रैलिंग हटाने के साथ उन्हें भी तोड़ना होगा। मेयर पुष्य मित्र भार्गव का कहना है कि बीआरटीएस को लेकर कोर्ट में याचिका विचाराधीन है। बीआरटीएस हटाने का फैसला नीतिगत है। हम कोर्ट के समक्ष अपना पक्ष रखेंगे। बीआरटीएस के जंक्शनों पर ब्रिज के लिए जल्दी सर्वे शुरू होगा। राजस्थान सरकार ने जयपुर में भी बीआरटीएस के दो कॉरिडोर बनाए थे, लेकिन उसका उपयोग नहीं हो सका। सरकार ने 439 करोड़ रुपये खर्च कर 39 किलोमीटर का बीआरटीएस बनाया था,लेकिन अफसरों ने जितना दिमाग बजट को खपाने में लगाया, उतना बीआरटीएस के सफल संचालन में नहीं लगाया गया। न ठीक से बसें खरीदी गई और न ही ट्रैफिक स्टडी हो पाई। वर्ष 2010 में गेहलोत सरकार के समय यह प्रोजेक्ट अमल में आया था। बाद में वंसुधरा सरकार ने इस प्रोजेक्ट से किनारा कर लिया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक